Training & Placement Cell

Dr. A.P.J. ABDUL KALAM UNIVERSITY, INDORE

Date : 5th September, 2022

NOTICE FOR CAREER GUIDANCE

एग्जाम गाइड

IBPS-PO में मेंस के 70% और इंटरव्यू के 30% अंक जुड़ते हैं

इंदौर| इंस्टिट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सनेल सिलेक्शन (आईबीपीएस) द्वारा पीओ भर्ती के लिए प्रीलिम्स एग्जाम 15, 16 और 22 अक्टूबर को होगी। इस वर्ष कुल 6932 पद हैं। चयन तीन चरणों में होगा। पहला- प्रारंभिक परीक्षा, दूसरा- मुख्य परीक्षा और तीसरा- इंटरव्यू। इस परीक्षा में प्रीलिम्स के नंबर नहीं जुड़ते हैं, इसलिए स्टूडेंट्स

को प्रीलिम्स में सिर्फ क्वालीफाई पर ध्यान देना चाहिए। इसके लिए आप 80% पेपर भी सही करते हैं तो पर्याप्त है। क्वालीफाई करने के बाद 70% नंबर मेन्स और 30% अंक इंटरव्यू के जोड़े जाते हैं।

एक मॉक टेस्ट को 3 बार सॉल्व करें

परीक्षा की तैयारी करने के लिए अभ्यर्थियों के पास डेढ़ महीना है। एक्सपर्ट

राहुल जोशी के अनुसार स्टूडेंट्स को पहले 15 दिन वीक कॉन्सेप्ट मजबूत करना चाहिए। बाकी एक महीने में मॉक टेस्ट सॉल्व करें। सही तरीका यह है कि एक मॉक टेस्ट तीन बार सॉल्व करें। जो प्रश्न छूट गए हैं या गलत हुए हैं, जानें उनकी क्या वजह है। उन प्रश्नों पर भी ध्यान दें, जिन्हें आपने सही किया है। दूसरी बार मॉक टेस्ट दें और फिर एनालिसिस करें और देखें कितना सुधार हुआ। तीसरी बार जब आप अपनी नई अप्रोच से मॉक टेस्ट देंगे तो आपकी एक्यूरेसी और स्पीड कई गुना बेहतर होगी।

40 सेकंड में हल हो एक सवाल

आईबीपीएस पीओ प्रारंभिक परीक्षा में 3 सेक्शन होते हैं। एक घंटे मिलता है। हर सेक्शन को हल करने के लिए करीब 20 मिनट का वक्त मिलता है। इस समय में इंग्लिश के 30 प्रश्न तो आसानी से हल किए जा सकते हैं पर मैथ्स और रीजनिंग के 35-35 प्रश्नों के लिए 40 मिनट का वक्त कम पड़ जाता है। कॅरियर एक्सपर्ट के मुताबिक परीक्षा के दौरान पहले उन प्रश्नों को हल करना चाहिए, जो जल्दी सॉल्व हो जाते हैं। ऐसा करके आप बाकी प्रश्नों को हल करने के लिए ज्यादा समय बचा पाएंगे।

मेन्स एग्जाम : इसमें चार सेक्शन होते हैं, जो उम्मीदवार प्रारंभिक परीक्षा पास कर लेते हैं, केवल वे ही इसमें शामिल हो सकते हैं। यह परीक्षा भी ऑनलाइन मोड में होती है। इसके लिए 3 घंटे 30 मिनट का समय होता है। एक गलत जवाब के लिए 0.25 नेगेटिव मार्किंग होती है।

तैयारी के लिए ये किताबें आएंगी काम

- अंग्रेजी के लिए रेन एंड मार्टिन की हाई स्कूल इंग्लिश ग्रामर एंड कम्पोजीशन और डॉ. अशोक कुमार सिंह की अ मिरर ऑफ कॉमन एरर्स।
- क्वांटिटेटिव एप्टीटयूड के लिए आर एस अग्रवाल की क्वांटिटेटिव एप्टीटयूड फॉर कॉम्पीटिटिव एक्सामिनाशंस, अरुण शर्मा की डाटा इंटरप्रिटेशन, अनंता आशीष की डाटा इन्टरप्रिटेशन एंड डाटा सफिसिएन्सी।
- रीजनिंग के लिए आरएस अग्रवाल की अ मॉडर्न एप्रोच टू वर्बल एंड नॉन-वर्बल रीजनिंग और एमके पांडेय की एनालिटिकल रीजनिंग
- जनरल अवेयरनेस, इकोनॉमी और बैंकिंग के लिए बीके राउत और एस आर बेहेरा की बैंकिंग अवेयरनेस के साथ ही न्यूज पेपर भी पढ़ें।

Regards,

ANIL MISHRA

(Training & Placement Officer)